## सार-समाचार

### पायरेथ्रम का छिड़काव किया

**रामगंजमंडी** (निसं)। स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान के दूसरे चरण में गुरूवार को चिकित्सा विभाग की 793 टीमों ने 14139 घरों का सर्वे किया। सीएमएचओ डॉ जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि अभियान में मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा और जागरूकता गतिविधियां की गई। टीमों ने घरों के कंटेनरों जैसे पानी की टंकियां, कूलर, ड्रम, परिण्डे, गमले, फ्रीज की ट्रे और छतों पर रखे पानी जमा हो सकने वाले टायर, कबाड़ आदि की जांच की। कूलर, टंकियों आदि जल पात्रों मे लार्वा रोधी टेमीफॉस डालकर उपचारित किया गया। कुछ कटेंनरों को खाली किया। विभिन्न जल भराव वाले स्थानों पर एमएलओ भी डाला गया। टीमों ने लार्वा मिलने पर 78 मकान मालिकों को मौके पर नोटिस देकर आगाह किया।इस दौरान बुखार के 274 संदिग्धों की ब्लड स्लाईड भी बनाई गई। आमजन को बचाव-रोकथाम के उपाय बताए और जागरूकता के पम्पलेट वितरित किए व पोस्टर, स्टीकर चस्पा किए। स्कूलों में भी जागरूकता कार्यक्रम किए गए। 537 कमरों में पायरेथ्रम का छिड़काव भी किया गया।

### जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई की

**मांगरोल** (निसं)। मांगरोल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत महलपुर में पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में बारां जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह ने जनता की समस्या को सुना और जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण करने के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिए जनसुनवाई में सबसे अधिक प्रकरण मुआवजा राशि प्राप्ति के लिए आए जिला कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों से वन टू वन संवाद कर विभागीय उपलब्धि की जानकारी प्राप्त की।बीच राह चलते भी जिला कलेक्टर जनता से मिले और उन्हें सुनकर समस्या का समाधान किया जो उनकी सादगी एवम संवेदनशीलता का विशेष गुण है। शिविर में जनता जनप्रतिनिधि सरपंच नंदलाल मीणा तहसीलदार एस डी मित्तल विकास अधिकारी राधेश्याम भील मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी अशोक सनाड्य बीसीएमओ कन्हैया लाल मीना सीबीईओ ब्रजमोहन आईएलआर सादिक अंसारी सहित सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।इसके बाद जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह ने पुलिस थाना मांगरोल का निरीक्षण किया जहां पर पुलिस टुकडी द्वार गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया साथ ही पेयजल प्रोजेक्ट मूंडिया का भी अवलोकन किया गया।

### आज पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी

**बून्दी** (निसं)। आरयूआईडीपी पेयजल परियोजना के अन्तर्गत बून्दी शहर के पेयजल आपूर्ति सूदृढ़ीकरण के लिए जाखमुण्ड जल शोधन संयंत्र पर 80 लाख लीटर प्रतिदिन का नया जल शोधन संयंत्र तथा 340 लाख लीटर प्रतिदिन का पम्प लगाने का कार्य प्रस्तावित है। अधिशाषी अभियन्ता आरयूआईडीपी, पीआईयू ने बताया कि इस के लिए ट्रांसमिशन लाइन को शिफ्ट करने का कार्य किया जाना है। 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी होने के कारण शिफ्टिंग कार्य के समय में परिवर्तन किया गया है। इस के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से वार्ता पश्चात् 6 सितंबर को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक जल शोधन संयंत्र जाखमुंड बंद रहेगा। इस कारण बूंदी शहर नगर परिषद क्षेत्र में 6 सितंबर को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक पेयजल आपूर्ति पूर्णत: बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि अति आवश्यक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ट्रांसमिशन लाइन की शिफ्टिंग का कार्य किया जाना आवश्यक है। अत: आमजन से अनुरोध है कि समुचित मात्रा में पेयजल का भण्डारण कर जनहित में सहयोग करे।

### मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

**अंता** (निसं)। नगर पालिका अंता के वार्ड 15 व 28 के सदस्य के लिए गुरुवार को शांति पूर्ण मतदान संपन्न हो गया। निर्वाचन अधिकारी अंता संजना जोशी ने बताया कि वार्ड 28 के लिए 89,48 तथा वार्ड 15 के लिए 78,25 मतदान हुआ। मतदान शांतिपूर्ण रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड 15 में 630 मतदाताओ में से 493 मतदाताओं ने अपना मतदान का प्रयोग किया। इसी प्रकार वार्ड 28 में 542 मतदाताओ में से 485 मतदाताओं ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान शांतिपूर्ण रहा। दोनों ही वार्ड में भाजपा व कांग्रेस तथा निर्दलीय उम्मीदवार मतदाताओं को मतदान केंद्र तक मतदान के लिए जी तोड़ मेहनत करते देखे गए। मतदान के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस उपाधीक्षक अंता सोजी लाल मीणा तथा थानाधिकारी अंता दिग्विजय सिंह गुर्जर दिन भर कानून व्यवस्था की स्थिति पर नजर बनाए रहे तथा मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। मतगणना शुक्रवार को सुबह 8 बजे से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छात्र अंता में शुरू होगी।

### जिला कारागार का निरीक्षण किया

**बून्दी** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। उन्होने बताया कि कारागृह में विधिक सेवा क्लिनिक, सी.सी.टी.वी. विंग, टेलीफोन कक्ष, बैरक, रसोईघर, मुलाकात कक्ष, डिस्पेंसरी, स्नानघर, शौचालय, पानी की व्यवस्था तथा मनोरंजन के साधनों का भी अवलोकन किया गया। साथ ही एक-एक विचाराधीन बन्दीगण से मुलाकात कर उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही बन्दियों को नि:शुल्क विधिक सहायता व बन्दियों के विधिक अधिकारों के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उपाधीक्षक जिला कारागृह मान सिंह बारेठ व चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल महेंद्र कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

### शिक्षकों का सम्मान किया

**बून्दी** (निसं)। नेहरू युवा मंडल सथुर द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन सीनियर सेकेंडरी स्कूल सथुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य व कविता, भाषण, गीत प्रस्तुत किए।नेहरू युवा मंडल व भामाशाहों द्वारा विद्यालय के शिक्षकों को शिक्षक रत्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कन्हैयालाल गुर्जर समाजसेवी, कालू लाल भाट, प्रधानाचार्य जय लाल मीणा, व्याख्याता तेजमल पाटौदी शारीरिक शिक्षक शिवराज श्रृंगी व्याख्याता रचना पंचौली,दीपक अध्यक्ष नेहरू युवा मंडल नरवाला, मुकेश भाट,ममता भाट आदि उपस्थित रहे।

### स्नेह मिलन समारोह संपन्न

**अंता** (निसं)। कपड़ा व्यापार संघ का स्नेह मिलन समारोह नागेश्वर महादेव धाम नागदा में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलीप शर्मा काचरी रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार महासंघ अध्यक्ष अजय सिंह चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि कपड़ा व्यापार संघ के जिलाध्यक्ष रमन गर्ग, कपड़ा व्यापार समिति बारां के अध्यक्ष धीरज हल्दिया, अंता प्रेस क्लब अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गोचर रहें। अतिथियों का साफा बंधन कर श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन कपड़ा व्यापार संघ अध्यक्ष कुलदीप नामा ने किया।

### बाबा रामदेव महाराज का जूलुस निकाला

**मांगरोल** (निसं)। कस्बे में गुरुवार को बाबा रामदेव जी महाराज का जूलूस रैगर मंदिर से नगर के मुख्य मार्ग से होते हुये। गाजे बाजे के साथ निखला।यह बाबा रामदेव जी का भाद्रवा की दोज पर निकाला गया। जूलूस में सैकडो की सख्या में भक्तजन व महिलाये साथ थी और जूलुस रैगर मंदिर सें पशुचिकित्सालय, छोटा बाजार, कुंज चौक, आजाद चौक, बस स्टेण्ड, रंगबाडी बालाजी, लालबाई माता जी, रैगर मंदिर पहुची जहा बाबाराम देव जी महाआरती कर प्रसाद वितरण किया।

### हाजियों का इस्तकबाल किया

**रावतभाटा,** (निसं)। हज करके आए जायरीनों का गुरूवार को हाजी अब्दुल गनी मंसूरी के आवास पर इस्तकबाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। हज यात्रा करके लोटे हाजी एडवोकेट अजीज हुसैन, हज्जानी जेबा रहमान का हाजी अब्दुल गनी व हज्जानी जैतून बी ने मुंह मीठा कराकर फूल मालाओं से जोरदार इस्तकबाल किया। कार्यक्रम में एडवोकेट हाजी आजाद हुसैन, मोहम्मद रफीक मोहम्मद, हनीफ मंसूरी, अमजद हुसैन, दानिशख अलीना बी, तबस्सुम बी, फरीद मोहम्मद, फैजान, अर्शी मौजूद रहे।

### कांग्रेस नगर अध्यक्ष गालव को पितृशोक

**अंता** (निसं)। नगर कांग्रेस अध्यक्ष ललित गालव के पिता श्री विष्णु गालव का बुधवार की रात को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। जिनकी गुरुवार को अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान गणेश मंदिर के पास मेनबाजार से निकाली गई। इसमें सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके निधन से नगर तथा सोरखंड कलां ग्रामपंचायत में शोक की लहर फैल गई।

# कलेक्टर ने एस.पी. के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का जायजा लिया

**बून्दी** (निसं)। बून्दी जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा व पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने गुरूवार को नैनवां उपखण्ड क्षेत्र में तेज बारिश के बाद गांवों में उत्पन्न बाढ़ की स्थिति का ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर अधिकारियों के साथ जायजा लिया।

जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बताया कि दुगारी गांव में बांध के ओवरफ्लो का पानी गांव में आने की सूचना पर दुगारी पहुंचे है। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था प्राथमिकता के साथ की जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे जो जर्जर है और इनके गिरने की संभावना के मद्देनजर में इनमें निवासरत लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भिजवाने के निर्देश दिए हैं।



बून्दी कलेक्टर अक्षय गोदारा व पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बारिश से हुए फसलों एवं मकानों के नुकसान का उपखण्ड अधिकारी द्वारा शीघ्र सर्वे करवाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी एवं सिविल डिफेंस की एक टीम बनाकर पूरे उपखंड क्षेत्र की निगरानी रखी जावे तथा आमजन को किसी तरह की परेशानी आने पर उसका त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए जल निकासी की व्यवस्था के लिए कार्य योजना बनाई जाए। इस दौरान जिला कलक्टर ने आमजन से बातचीत कर उनकी समस्या जानी और बरसात के मौसम में विशेष सतर्कता बरतने, जलभराव वाले स्थानों तथा बहते पानी से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशासनिक अधिकारी आमजन को भी जलजमाव व बहाव वाले क्षेत्रों से दूर रहने के लिए समझाइश करते रहे। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से रपट वाले स्थानों पर सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएं। इस दौरान नैनवां पंचायत समिति प्रधान पदम नागर ने क्षेत्र में बारिश के कारण गांवों में उत्पन्न स्थिति के बारे में जिला कलेक्टर को अवगत कराया। दुगारी गांव का जायजा लेने के बाद जिला कलक्टर ने बांसी गांव तथा नैनवां में स्थित कनक सागर का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उपखण्ड अधिकारी नैनवा विनोद मीणा, तहसीलदार राम राय मीणा, बीडीओ ग्यारसी लाल मीणा, पुलिस उपअधीक्षक शंकर लाल मीणा, बांसी सरपंच सत्य प्रकाश शर्मा, दुगारी सरपंच रामलाल खींची आदि मौजूद रहे।

**नैनवां लाखेरी मार्ग हुआ अवरुद्ध:-** बूंदी जिले में 2 दिन से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते गुढा बांध के गेट खोलकर मेज नदी में की जा रही पानी की निकासी से मेज नदी में उफान आ गया। जिसके चलते खटकड़ स्थित मेज नदी पुलिया पर 7 फीट पानी आ गया। जिससे लाखेरी नैनवा मार्ग अवरुद्ध हो गया। पुलिया डूब जाने से आवागमन बाधित हो गया जिसके चलते दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई।

### 'राष्ट्र के नव निर्माण में केवल गुरु ही सक्षम'

**छबड़ा** (निसं)। पीएमश्री उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम रामसिंह गुर्जर थे। अध्यक्षता प्रधान हरिओम नागर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार अभिषेक पारीक ने षिरकत की। कार्यक्रम से पूर्व राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण भी देखा गया।

सीबीईओ ओमप्रकाश गालव व संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर के अनुसार यहां महेंद्र कुमार नागर कादरपुरा, शिक्षिका कामना गुप्ता बमोरा और वरिष्ठ अध्यापक सागरमल झरखेड़ी को सम्मानित किया। यहां एसडीएम गुर्जर, तहसीलदार पारीक व प्रधान नागर ने कहा कि अच्छे परिवार, समाज और राष्ट्र के नव निर्माण में केवल गुरु ही सक्षम है। जहां गुरुओं का सम्मान होता है वहां विकास की गंगा बहती है, मनुष्य जीवन की महानता के पीछे गुरुओं का सच्चा ज्ञान है। वही, ब्लॉक में सबसे कम समय में शाला स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य पूर्ण करने पर कार्यवाहक पी ओ सुनील मीणा व भामाशाह शिक्षक महावीर प्रसाद को भी सम्मानित किया गया।

### विजय जुलूस निकाला

**रावतभाटा,** (निसं)। परमाणु विद्युत कर्मचारी यूनियन सीटू की चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर निर्माण श्रमिक यूनियन लाल झंडा ऑटो चालक यूनियन सीटू की तरफ से गुरूवार को श्रम शक्ति केंद्र चारभुजा सीटू कार्यालय से विजय जुलूस के रूप में ऑटो यूनियन द्वारा रैली निकाली गई। इस उपलक्ष्य में आतिशबाजी कर सबका मीठा मुंह करवाकर रैली निकालकर कोटा बैरियल चौराहा पर नारे लगाकर कामरेड राज्य सचिव आरके स्वामी और रमेश कामरेड, बनवारी लाल वर्मा ने संबोधित किया। कामरेड अध्यक्ष कुंदन सिंह, महामंत्री जय सिंह, ऑटो यूनियन महामंत्री भूपेंद्र सिंह तंवर ने भी संबोधित किया और बताया कि अन्याय और जुर्म के खिलाफ सत्य की जीत हु हैं। कर्मचारी हित की जीत हुई हैं और संगठन हमेशा मजदूर पर हो रहे शोषण के खिलाफ आवाज उठाएगी। स्थानीय को रोजगार मिले, इसकी प्राथमिकता से आवाज उठा जायेगी। और पुलिस सत्यापन में छोटी-मोटी धाराओं पर समाधान करवाने के लिए यूनियन तत्पर मुद्दा उठाएगी, जिस पर मजदूरों को रोजगार से वंचित नही किया जाए।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के प्रति सम्मान दिखा

■ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों को सम्मानित किया

**कोटा,** (निसं)। कोटा शहर में शिक्षकों के प्रति शिक्षक दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके उन्हें सम्मानित किया गया है। इसी क्रम में शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर राजकीय महाविद्यालय कोटा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के स्वयंसेवकों का ओरिएंटेशन एवं प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.प्रतिमा श्रीवास्तव ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सहायक निदेशक कोटा परिक्षेत्र प्रो. गीता राम शर्मा उपस्थित रहे। जवाहरलाल नेहरु टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, बंधा धरमपुरा मेन रोड, कोटा में "डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन" का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.सुषमा सिंह एवं प्रो.सपना जोशी ने "माँ सरस्वती एवं डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन" की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया। माँ भारती सी. सै. विद्यालय



कोटा में शिक्षक दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

सीबीएसई स्वामी विवेकानंद नगर में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसके अन्तर्गत कक्षा 9वीं व 10वीं के विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकगण को ग्रीटिंग व रोज देकर सम्मान किया। इसी दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षक-दिवस का महत्व बताया और कई रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी। इसी के तहत स्कूल डॉयरेक्टर उर्वशी विजय ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए।

विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। अंत में स्कूल प्रिंसिपल मोनिका मलिक ने सभी विद्यार्थियों को अपने विचारों से अवगत कराया।

प्रगति ग्रुप ऑफ अकेडमीज, उज्जवल विहार बारां रोड़ कोटा में को डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन् के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रगति ग्रुप ऑफ अकेडमीज द्वारा संचालित सभी 7 संचालित संस्थानों के शिक्षक लगभग 200 के स्टॉफ ने एक साथ एक प्रांगण में एकत्रित होकर शिक्षक दिवस मनाया। समारोह के प्रारम्भ में देश के पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात शिक्षाविद् "भारत रत्न' डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह प्रारम्भ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.सविता चौधरी, सारिका शर्मा, डॉ.राजवंत संधु, डॉ.फैमिना ने उपस्थित शिक्षकों के साथ गेम्स खिलाये, अल्पाहार वितरित किया। एनएसयूआई कोटा जिलाध्यक्ष विशाल मेवाड़ा ने राजकीय वाणिज्य विद्यालय कोटा मे कार्यरत शिक्षकों का सम्मान कर शिक्षक दिवस मनाया। विशाल मेवाड़ा ने बताया की आज का यह दिन प्रख्यात शिक्षाविद्, पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण की जयंती के दिन मनाया जाता है। हम सब एनएसयूआई परिवार के सदस्य उनके कोटि-कोटि नमन करते है।

शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर डिसेंट स्कूल, देवली अरब रोड़, कोटा में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप वर्धमान कोटा द्वारा फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष स्व.प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल की पुण्य स्मृति में गुरूवार को शिक्षक व छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

### चंबल नदी पर बनी पुलिया की मरम्मत करवाने की मांग

**रावतभाटा,** (निसं)। पंचायत समिति भैसरोडगढ़ प्रधान आरती बारेशा ने प्रभारी अधिकारी समाजिक सरोकार (सीएसआर) राजस्थान परमाणु बिजलीघर रावतभाटा का अवगत करवाया की भैसरोडगढ रोड स्थित चंबल नदी पर बनी पुलिया ग्राम पंचायत भैंसरोडगढ में आने-जाने का मुख्य मार्ग हैं उस पुलिया कि मरम्मत को क वर्श हो चुके हैं और रोज हजारों कि संख्या में ट्रक, बस, कार, प्लांट के निर्माण के लिए हजारो टन माल का आवक-जावक इसी पुलिया से होती हैं। हजारों कि संख्या में रोज करीब 40 गाँव से श्रमिक प्लांट के लिए आते-जाते हैं, यह एक मात्र पुलिया हैं जो जिला और पंचायत समिति को जोडती हैं। उसकी मरम्मत हुए सालो बित चुके हैं जिस कारण पुलिया काफी ध्वस्त व जर्जर हो चुकी हैं, भैंसरोड़गढ़ रोड स्थित चंबल नदी पर बनी पुलिया की दोनो सा ड की सुरक्षा दिवार पूरी तरह जर्जर होकर टूट चुकी हैं, वही भैंसरोडगढ़ पुलिया की सीसी सडक टूट चुकी हैं, सीसी के अन्दर लगी लोहे की एगल बाहर आने लगी हैं, जिससे दुपहीया वाहन चालक रोज चोटिल हो रहे हैं, भारी वाहनो के टायर बाहर निकल रही लोहे की एगल से पंचर हो रहे हैं, जिससे भैंसरोड़गढ़ पुलिया पर जाम की स्थिति हो जाती हैं। पुलिया की दशा पूरी तरह खराब हो चुकी हैं। प्रधान आरती बारेशा ने बताया की जल्द अगर इस पर ध्यान नही दिया गया तो आने वाले समय में बहुत बडी दुर्घटना हो सकती हैं, और मार्ग बंद होने पर लोगो को बडी समस्याओं का सामना करना पड सकता है।

### कजली तीज मेले में कलाकारों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी

**बून्दी** (निसं)। ऐतिहासिक कजली तीज मेले में बुधवार रात्रि को आयोजित स्टार नाइट कार्यक्रम कार्यक्रम में जहां टीवी सीरियल झनक की नायिका हिबा नवाब उर्फ झनक की झलक देखने भीड़ उमड़ पडी, वहीं दूसरी ओर मेला मंच पर सोनी टीवी की नन्ही कलाकारों के मलखम आर्ट के प्रदर्शन ने दर्शकों को दर्शकों को रोमांचित कर दिया। नन्ही नन्ही कलाकारों के मलखम प्रदर्शन को देखकर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाकर ननहीं कलाकारों का उत्साह वर्धन किया।

मुख्य कलाकारा हिबा नवाब उर्फ झनक ने मेला रंगमंच पर ठुमके वाली ने, जो झूठी खाई कसम निभाई नहीं, तेरी पतली कमर हाय मेरी जान ले गई, नैनो वाले ने, ढोल बाजे ढोल बाजे, घूमर घूमर घूमे रे, गीत पर डांस की मनमोहक प्रस्तुति दी। झनक की जानदार प्रस्तुति को देखकर दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शक नाचने लगे और तालियां बजाकर झनक का अभिवादन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत लाफ्टर डांस ग्रुप ने गणपति बप्पा मोरिया ,अगले बरस तू जल्दी आ गणेश वंदना से की। गायक कलाकार दीपक अंश ने याद आ रहा है तेरा प्यार, जानू मेरी जान मैं तेरे कुर्बान, प्यार बिना चैन कहां रे, एक हसीना थी एक दीवाना था, तुमसे मिलने की तमन्ना है प्यार का इरादा है, मैं आशिक नहीं मैं दीवाना नहीं, चांद मेरा दिल चांदनी हो तुम गानों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को आनंदित किया। डी बॉस ग्रुप के कलाकारों ने चल छैया छैया, महबूबा महबूबा, हम मिलेंगे ना कभी, यह कमसिन जवानी, सुनो गौर से दुनिया वालों, भोली भोली तेरी सूरत भोली, लैला मैं लैला ऐसी हूं लैला, गानों पर डांस की प्रस्तुति श्रोताओं के सामने रखी। डांसर अलीशा ने अंगड़ाइयां लेती हूं जब मैं जोर-जोर से, मेरे होठों को सीने से यार चिपका ले सैया फेविकोल से गाने पर डांस किया। डांसर ऐश्वर्या ने छमक छम चमके अंगूरी बदन, तेरी जवानी बड़ी मस्त-मस्त है जीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम से पूर्व मेला मंच से संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी दत्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बूंदी की तीज , कोटा का दशहरा और बारा का डोल मेला हाडोती की शान और पहचान भी है । उन्होंने कहा कि बूंदी के विकास में नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। ओएसडी ने मेले का लुफ्त उठाने की देशवासियों से अपील भी की। ऐतिहासिक कजली तीज मेले में बुधवार रात्रि को आयोजित स्टार नाइट कार्यक्रम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी राजीव दत्ता थे। अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर परिषद सभापति महावीर मोदी, वरिष्ठ पत्रकार विजयंत सिंह आमेरा, समाजसेवी महावीर जैन, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नीरज पुरोहित, भाजपा नेता बद्री गोचर, भाजपा नेता अविजीत सिंह, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, जिला परिषद सदस्य पुरुषोत्तम शर्मा, भाजपा नेता भरत शर्मा रहे। कार्यक्रम से पूर्व अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया। मेला मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि सभापति सरोज अग्रवाल, मेला संयोजक मानस जैन, संदीप यादव, बालकिशन सोनी, मोइनुद्दीन अंसारी, अंकित बुलीवाल, ओम जांगिड़ , मनीष सिसोदिया, दिलीप सिंह ,संजय भूटानी, लोकेश दाधीच, मनोज गौतम ,अमित शर्मा, तुषार पारीख , नीरज बलोची ने अतिथियों का माल्यार्पण व साफा बंधा कर स्वागत किया।

# पलवल स्टेशन पर इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनें प्रभावित रहेंगी

**कोटा,** (निसं)। उत्तर रेलवे के पलवल स्टेशन पर रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 06 सितम्बर से नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। जिस कारण कोटा से प्रारम्भ होने अथवा होकर जाने वाली कई ट्रेनें प्रभावित रहेगी। गाड़ी संख्या 12059 कोटा-हजरत निजामुद्दीन जनशताब्दी एक्सप्रेस 06 से 17 सितम्बर तक 12 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 12060 हजरत निजामुद्दीन-कोटा जनशताब्दी एक्सप्रेस 06 से 17 सितम्बर तक 12 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 12247 बांद्रा टर्मिनल-हजरत निजामुद्दीन 06 एवं 13 सितम्बर को 02 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 12248 हजरत निजामुद्दीन-बांद्रा टर्मिनल 07 एवं 14 सितम्बर को 02 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 12449 मडगांव-चंडीगढ़ गोवा सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस 10, 11, 17 एवं 18 सितम्बर को 04 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 12450 चंडीगढ़-मडगांव सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस 07, 09, 14 एवं सितम्बर को 03 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 12907 बांद्रा टर्मिनल-हजरत निजामुद्दीन सम्पर्क क्रांति 08, 11 एवं 15 सितम्बर को 03 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 12908 हजरत निजामुद्दीन-बांद्रा टर्मिनल सम्पर्क क्रांति 09, 12 एवं 16 सितम्बर को 03 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 12909 बांद्रा टर्मिनल-हजरत-निजामुद्दीन गरीब रथ 05, 07, 10, 12 एवं 14 सितम्बर को 05 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 12910 हजरत निजामुद्दीन-बांद्रा टर्मिनल गरीब रथ 06, 08, 11, 13 एवं 15 सितम्बर को 05 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 12917 अहमदाबाद-हजरत निजामुद्दीन गुजरात सम्पर्क क्रांति 09 एवं 16 सितम्बर को 03 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 12918 हजरत निजामुद्दीन-अहमदाबाद गुजरात सम्पर्क क्रांति 07 एवं 14 सितम्बर को 02 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 12963 हजरत निजामुद्दीन-उदयपुर सिटी मेवाड़ एक्सप्रेस 06 से 17 सितम्बर तक 12 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 12964 उदयपुर सिटी-हजरत निजामुद्दीन मेवाड़ एक्सप्रेस 05 से 16 सितम्बर तक 12 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 20451 सोगरिया-नई दिल्ली 06 से 17 सितम्बर तक 12 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 20452 नई दिल्ली-सोगरिया 06 से 17 सितम्बर तक 12 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 20945 एर्नाकुलम-हजरत निजामुद्दीन 06, 11 एवं 13 सितम्बर को 03 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 20946 हजरत निजामुद्दीन 10, 12 एवं 17 सितम्बर को 03 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 20957 इंदौर-नई दिल्ली 06, 08, 11, 13 एवं 15 सितम्बर को 05 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 20958 नई दिल्ली-इंदौर 07, 09, 12, 14 एवं 16 सितम्बर को 05 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 20985 कोटा-मार्टियर कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) 04 एवं 11 सितम्बर को 02 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 20986 मार्टियर कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर)-कोटा 05 एवं 12 सितम्बर 2024 को 02 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 03909 इंदौर-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल 06, 08, 13 एवं 15 सितम्बर को 04 ट्रिप निरस्त, गाड़ी संख्या 03910 हजरत निजामुद्दीन-इंदौर स्पेशल 07, 09, 14 एवं 16 सितम्बर को 04 ट्रिप निरस्त

**परिवर्तित मार्ग से जाने वाली ट्रेनें:-** गाड़ी संख्या 12903/12904 मुम्बई सेन्ट्रल-अमृतसर-मुम्बई सेन्ट्रल गोल्डन टेम्पल एक्सप्रेस 05 सितम्बर से 16 सितम्बर को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर दोनों दिशाओं में अपने निर्धारित मार्ग की बजाय रतलाम-नीमच-अजमेर-जयपुर-रेवाड़ी-नई दिल्ली-गाजियाबाद होकर जाएगी, गाड़ी संख्या 12415/12416 इंदौर-नई दिल्ली-इंदौर इंटरसिटी एक्सप्रेस, नई दिल्ली से 06 सितम्बर से 17 सितम्बर को और इंदौर से 05 सितम्बर से 16 सितम्बर को प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग की बजाय दोनों दिशाओं में नई दिल्ली-रेवाड़ी-दौसा-गंगापुर सिटी होकर जाएगी, गाड़ी संख्या 12483/12484 कोच्चीवली-अमृतसर-कोच्चीवली साप्ताहिक एक्सप्रेस, कोच्चीवली से 04 सितम्बर एवं 11 सितम्बर को और अमृतसर से 08 सितम्बर एवं 15 सितम्बर को प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग की बजाय दोनों दिशाओं में गंगापुर सिटी-दौसा-रेवाड़ी-दिल्ली कैंट-आदर्श नगर दिल्ली होकर जाएगी, गाड़ी संख्या 19803/19804 कोटा-श्री माता वैष्णों देवी कटरा एक्सप्रेस, कोटा से 07 सितम्बर एवं 14 सितम्बर को और श्री माता वैष्णों देवी कटरा से 08 सितम्बर एवं 15 सितम्बर को प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग की बजाय दोनों दिशाओं में गंगापुर सिटी-दौसा-रेवाड़ी-अस्थाल बोहर होकर जाएगी, गाड़ी संख्या 22659/22660 कोच्चीवली-योग की नगरी ऋषिकेश-कोच्चीवली एक्सप्रेस, कोच्चीवली से 06 सितम्बर एवं 13 सितम्बर और योग की नगरी ऋषिकेश से 09 सितम्बर 16 सितम्बर को प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग की बजाय गंगापुर सिटी-दौसा-रेवाड़ी-नई दिल्ली-मेरठ सिटी होकर जाएगी, गाड़ी संख्या 12217/12218 कोच्चीवली-चंडीगढ़-कोच्चीवली सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस, कोच्चीवली से 07, 09 एवं 14 सितम्बर और चंडीगढ़ से 06, 11 एवं 13 सितम्बर को प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग की बजाय गंगापुर सिटी-दौसा-रेवाड़ी-दिल्ली कैंट-आदर्श नगर दिल्ली होकर जाएगी। यात्रियों से अनुरोध है असुविधा से बचने के लिए ट्रेनों की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशनों, एनटीईएस अथवा रेल मदद पर प्राप्त कर यात्रा करें।

### रामसा पीर के जयकारों के साथ शोभायात्रा निकाली

**बून्दी** (निसं)। प्रतिवर्ष की भांति बालचंद पाड़ा मेघवाल मोहल्ला स्थित बाबा रामदेव जी के मंदिर से मेघवाल पंचायत एवं बाबा रामदेव महाराज मंदिर विकास समिती के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। असिस्टेंट प्रोफेसर जितेन्द्र वर्मा ने बताया की शोभायात्रा से पूर्व मंदिर परिसर में मुख्य कलश एवं घोडी की बोली लगाई गई। मंदिर में पूजन और आरती के पश्चात जयकारों के साथ अभयनाथ महादेव मंदिर से शोभायात्रा विधिवत रूप से प्रारंभ हुई।

शोभायात्रा में स्थानीय पार्षद रोहित बैरागी शामिल रहे। मेघवाल समाज अध्यक्ष सुरेंद्र घोड़ावत, जगदीश महाराज, मेघराज बरूंधना, सुरेश मेघवाल, राजेन्द्र घोड़ावत, रामदेव मेघवंशी, सोहन लाल खुवाडा, रमेश चीफ, अनिल डंडवासिया, देवी लाल मेघवाल, सत्यनारायण मेघवाल, रामस्वरूप मेघवाल, रामपाल मेघवाल, ओमप्रकाश मेघवाल, महावीर मेघवाल कन्हैया लाल, प्रेम शंकर मेघवाल ने शोभायात्रा में व्यवस्थाएं देखी। शोभायात्रा में मुख्य घोड़ी पर रामपाल मेघवाल ने नेतृत्व किया जिसके पीछे ऊंट, घोडी, ऊंटगाड़ी, बैंड बाजों के बीच नाचते गाते और रामसा पीर के जयकारे लगाते नवयुवक एवम् युवतियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा अभयनाथ महादेव, मालियों की हताई, सूरज जी का बड़, नाहर का चोहट्टा होकर बुलबुल का चबूतरा पहुंची जहां पर महिलाओं ने कलश धारण किए। परंपरागत वेशभूषा में सजे महिला पुरुष बाबा के जयकारे लगाते हुए मुख्य झांकी के आगे शामिल हुए। नवयुवक मंडल से सुनील, जितेन्द्र, हिमालय, महेंद्र, निर्मल, राजकुमार, फूलचंद, रवि, महेश, राजू, परवीन, महावीर, प्रकाश, वेदप्रकाश, दिनेश, रोहित, प्रेमशंकर, निर्मल वर्मा, दिलीप, ब्रह्मप्रकाश, मनीष आदि नाचते गाते शामिल हुए। तेज बारिश भी भक्तो का जोश कम नहीं कर पाई। मन्दिर परिसर पहुंचकर शोभायात्रा संपन्न हुई तत्पश्चात पंगत प्रसादी का आयोजन हुआ। बाबा की दूज पर सभी ने घरों में चावलो का भोग बना कर मन्दिर में चढ़ाया और अच्छी बारिश और सुख समृद्धि की कामना की।

**रात भर जागरण में भाव विभोर हुए समाजबंधु:-** बुधवार को पड़वा के जागरण का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में बाहर से आए अनिल वर्मा एंड पार्टी के कलाकारों ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। बाबा घोड़े ने घुमा दे, रुणिचा का गेला में, खम्मा खम्मा रे रुनेचे का धनिया, तंबूरा की तान बाबा रामदेव ने सोहे आदि एक से बढ़कर एक बेहतरीन भजनों की प्रस्तुतियां दी गई, इस दौरान मेघवाल समाज के गणमान्य लोग, आमंत्रित अतिथि एवम् सभी महिला पुरुष मौजुद रहे।